# दर्पण

पाँचवीं कक्षा के छात्रों के लिए

सहायक पुस्तिका

**जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान**

कुरुप्पमपटी, एरणाकुलम -६८३५४५

दूरभाष - ०४८४ २५२६१६६

Email : dieternakulam@gmail.com

मुद्रण और प्रकाशन

**जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान**

मुख्य संपादक

श्री. श्रीकुमार.के.पी

(प्राचार्य, जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान, एरणाकुलम)

संपादक

श्रीमती. पी. इन्दु

(लकचरर, जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान, एरणाकुलम)

कार्यशाला के सदस्य

श्रीमती. ऐषा.ए.एम

(बि पि ओ. पॆरुम्बावूर)

श्रीमती. आरिफा के.एम.

(प्रशिक्षक बि आर सी कूवप्पटि)

श्री. सुनिल कुमार.कॆ.एन

(प्रशिक्षक बि आर सी आलुवा)

श्रीमती. मणि पी.कॆ.

(प्रशिक्षक बि आर सी वैप्पिन)

श्रीमती. प्रमीला .कॆ.एल.

(प्रशिक्षक बि आर सी नोरत परवूर)

श्रीमती. जलजा.कॆ.कॆ.

(प्रशिक्षक बि आर सी अंगमालि)

श्रीमती. मिनिमोल अब्रहाम

(प्रशिक्षक बि आर सी मूवाट्टुपुषा)

श्रीमती. सिजि.इ.कॆ

(सी.आर.सी.सी, कूत्ताट्टुकुलम)

श्रीमती. नीना कुर्याकोस

(सी.आर.सी.सी, पिरवम)

श्रीमती. सरीना प्रकाश

(सी.आर.सी.सी, पिरवम)

चित्रकार

श्री. साबु.एम.टी.

(बि आर सी आलुवा)

# संदेश

अतिरिक्त वाचन और लेखन सामग्रियाँ प्रत्येक बच्चे को स्वतंत्र वाचन और लेखन की ओर ले जाती हैं । भाषा के प्रयोगों पर विश्वास पैदा कराती हैं । हिंदी भाषा में छात्रों को सक्षम बनाने के लिए एरणाकुलम डायट की ओर से तैयार की गयी पुस्तक है, '**दर्पण**' । कक्षा संचालन के अवसर पर शिक्षकों की समस्याओं को हल करने में तथा बच्चों की क्षमता बढ़ाने में यह पुस्तक ज़रुर मदद आएं । राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा हिंदी के प्रति विशेष रुचि पैदा करना भी इसका उद्धेश्य है ।

आशा है कि आप इस पुस्तक को सहर्ष स्वीकार करें और छात्र इसका सदुपयोग करें ।

**श्रीकुमार.के.पी**
**(प्राचार्य, जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान, एरणाकुलम)**

# दर्पण

पाँचवीं कक्षा के छात्रों के लिए

सहायक पुस्तिका

***दो शब्द....***

प्यारे बच्चों,

आपने इस साल हिंदी की नयी दुनिया में प्रवेश किया है। नयी - नयी कविताएँ, कहानियाँ और चित्र कथाओं का भी परिचय किया होगा। अपनी पाठपुस्तक के विशाल प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए यह ''दर्पण'' आपकी मदद करें।

आशा है यह पुस्तक आपकी हिंदी अध्ययन रसीली बना देगी और चिंतन का अवसर भी दें।

**पी. इन्दु**
**(लकचरर, जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान, एरणाकुलम)**

# सूचिका

## इकाई


| | | |
|---|---|---|
| 1 | अनमोल प्यार | 6-14 |
| 2 | चाँद के साथ | 15-28 |
| 3 | पीपल दादी की कथा | 29-34 |
| 4 | गाँव की यादें | 35-42 |
| 5 | सपना | 43-51 |
| 6 | बाँसुरी | 52-58 |
| 7 | दोस्ती | 59-68 |

# इकाई १

# <u>अनमोल प्यार</u>

अम्मा आती अम्मा आती,
प्यारी प्यारी अम्मा आती ।
दूध पिलाती अम्मा आती,
खाना देती अम्मा आती ।
मीठे - मीठे बातें कहती,
ताज़ा - ताज़ा दूध पिलाती,
अच्छी - अच्छी अम्मा मेरी,
प्यारी प्यारी अम्मा मेरी ।

- कविता का ताल - लय के साथ आलापन करें ।
- इन अक्षरों पर गोला लगाएँ ।

  अ, म, र, त

- संयुक्त वर्ण पर रंग दें ।

| अच्छी | प्यारी | अम्मा |
|---|---|---|

♦ 'आ' मात्रावाले शब्द कविता से चुनकर लिखें ।


जैसे - ताज़ा

♦ 'ई' मात्रावाले शब्द चुनकर लिखें ।


जैसे :- मीठी

♦ कविता से समान ध्वनिवाले शब्द चुनकर लिखें ।

जैसे - प्यारी- प्यारी



**घर को रंग दें ।**




♦ यह मेरा ............. है ।

घर में माता - पिता है ,
दादा - दादी प्यार से रहते,
नाना - नानी, मामा- मामी,
भाई - बहन भी रहते मिलकर ।

घर में कौन - कौन हैं ? लिखें

जैसे - माता -पिता






- यह कौन है ?

  यह पिताजी है ।




- यह ............... है ?

  यह माताजी है ।



- यह कौन है ?

  यह ................ है ।



- यह ............ ?

  यह बहन है ।

**<u>कविता पढें, उत्तर लिखे :-</u>**

प्यारा - प्यारा पतंग,
रंग बिरंगे पतंग,
सुंदर - सुंदर पतंग,
उड़ता - उड़ता पतंग,
हँसता - हँसता पतंग ।

१. कविता केलिए उचित शीर्षक दें ।

.................................................................

२. कविता से समान ध्वनिवाले शब्द लिखें -

....................................................................

....................................................................

....................................................................

...................................................................

# रास्ते में

## दिये गये वाक्यों से वार्तालाप क्रमबद्ध करें -



मेरी माताजी है ।

तुम अब कहाँ जाती हो?

रीना, यह कौन है ?

हम बाज़ार जाती हैं ।

और तुम ?

मैं मामा के घर में ।

मनु : रीना, यह कौन है ?

रीना : .....................................।

मनु : .......................................?

रीना : .......................................।

रीना : और तुम ?

मनु : ............................................ ।


# रंग भरे ।




आम पीला है ।



पत्ता हरा है ।



अनार लाल है ।



हाथी काला है ।

## छतरी को रंग दे और रंगों का नाम लिखें ।

१.

२.

३.

४.

५.



## नीचे दिये वाक्यों की सहायता से राजू की प्रोफाइल तैयार करें ।

नाम : ..........................................................................................

कक्षाः ..........................................................................................

स्कूल : ......................................................................................

आयूः ..........................................................................................

राजु पाँचवी कक्षा का लड़का है ।

जी.यु.पी.एस. कालडी में वह पढ़ता है ।

उसकी आयू दस साल का है ।



**यह कविता भी पढ़े ।**


आ जा बच्चा,<br>
प्यारा बच्चा,<br>
अम्मा को तू प्यारा है,<br>
मीठे - मीठे गीत सूनो,<br>
ताज़ा - ताज़ा दूध पिओ,<br>
अच्छी - अच्छी बात सुनो,<br>
मेरा प्यारा बच्चा तू ।

## इकाई २


# चाँद के साथ

नाम चुनकर लिखें:-














(विमान, नाव, साइकिल, कार, रेलगाड़ी, बस)

## उचित स्थान भरिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पानी में** | | | |
| **आकाश में** | | | |
| **रेल पर** | | | |
| **सड़क पर** | | | |

सहारा लें (पेड, कुत्ता, स्कूल, कार, साइकिल, गाय, लड़की, लड़का)

चित्र देखकर पूरा करें ।




| के किनारे | के नीचे |
|---|---|
| ♦ जैसे - सड़क के किनारे पेड़ है । | पेड़ के नीचे लड़का |
| ♦ सड़क ...................कूत्ता । | .............................. |
| ♦ सड़क ....................कार । | .............................. |
| ♦ ...................................... | .............................. |

# सही मिलान करें और शब्द लिखे ।



















मीनु दस साल की लड़की है ।उसका घर अस्पताल के पास है। वह स्कूल जा रही थी। सड़क पर केले का छिलका पड़ा था। छिलके पर पैर फिसल गयी। मीनु नीचे गिरी । पैर पर चोट लगी।

## <u>सही उत्तर चुनकर लिखे</u>

- मीनु का घर कहाँ है ?

  (स्कूल के पास) / (अस्पताल के पास)

- मीनु कहाँ जा रही थी ?

  (बाज़ार) (स्कूल)

- कौन नीचे गिरा ?

  (विनु) (मीनु)

- सड़क पर क्या पड़ा था ?

  (सेब) (छिलका)

## गोले से प्रश्नवाचक शब्द चुने और लिखें

*क्या*

*दोस्त मैं गिरा*

*कहाँ*

*केला कौन साइकिल*

*कैसे पैर क्यों*

*कितना*

## प्रश्नवाचक शब्द

## उचित शब्द चुनकर लिखें


(क्या, कौन , कहाँ)

(क) लड़की --------------- जा रही थी ?

(ख) सड़क के पास --------------- था ?

(ग) --------------- स्कूल जा रही थी ?

## अंगों का नाम तालिका से चुनकर लिखें



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कान, | पैर, | आँख, | सूँड, | दाँत |

## हाथी के बारे में यह भी पढ़े

- हाथी बड़ा जानवर है ।
- हाथी के कान बडे है ।
- उसके चार पैर है ।
- हाथी की आँखें छोटी हैं ।
- इसकी सूँड बहुत लंबी है ।
- हाथी के दाँत सफेद है ।

# कहानी के वाक्यों को क्रमबद्ध करके लिखे


१. कछुआ जीत गया ।


२. कछुआ और खरगोश दोस्त थे ।

३. रास्ते में खरगोश सो गया ।

४. दोनों के बीच दौड़ प्रतियोगिता चलाया ।







START







FINISH

# अलग करे


## पालतू जानवर

........................................
........................................
........................................
........................................
........................................
........................................
........................................
........................................

## जंगली जानवर

........................................
........................................
........................................
........................................
........................................

# उचित जोड़े लगाकर लिखिए

| क | ख |
| --- | --- |
| सुंदर | लड़का |
| हरा | हाथी |
| अच्छा | पत्ता |
| काला | फूल |
| छोटा | घर |
| बड़ा | आकाश |

जैसे ------- सुंदर फूल ।

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

# सही मिलान करें


| | |
|---|---|
| काला |  |
| प्यारी |  |
| बड़ा |  |
| सुंदर |  |
| छोटा |  |

# पढें.... लिखें

रामू दोस्त के साथ चल रहा था । रास्ते में मामा को देखा । वे सूर्यास्त देखने गये । जाते समय एक पुस्तकालय देखा । वहाँ से पुस्तकें खरीदीं । वे पिस्ता खाकर घर गये।

'स्त' आने वाले शब्द चुनकर लिखें

# मेें / पर से पूरा करें



मेज़----------- बिल्ली है ।



हाथ ----------- कलम है ।




घोंसले ----------- चिड़िया है ।



बेंच ---------- लड़का बैठता है ।



सड़क ------------ लड़का है ।



दीवार ----------- चित्र है ।

बोतल ----------- पानी  है ।






पानी ---------- नाव है ।

## इकाई ३

# पीपल दादी की कथा

## बालगीत पढ़ें

### भारत प्यारा

भारत प्यारा देश हमारा
हम इसके ही छोटे बच्चे
कितने अच्छे , कितने सच्चे
भारत प्यारा देश हमारा
कितना सुनहरा, कितना दिलेरा
कितना प्यारा, कितना न्यारा

♦ अंत में 'रा' आनेवाले शब्द चुनकर लिखें ।

जैसे ------ प्यारा

## गीत पढ़ें

रहती हूँ मैं मालूर में,
दस साल मेरी आयू है ,
माँ - बाप के साथ रहती हूँ,
मित्र मेरी मीना है,
मेरा नाम नीना है,
वड़करा में मेरा स्कूल ।

गीत को आत्मकथा के रूप में बदलो ।

मेरा नाम नीना है । ..................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

# पोस्टर की पूर्ति करें

हिंदी दिन समारोह

14 सितंबर

............10 बजे

................ स्कूल में

उदघाटन : प्रधानाध्यापक

सबका..................

पढ़ें और रेखांकित शब्द के बदले उचित शब्द चुनकर वाक्य की पूर्ति करें ।

(मैं, मेरा, मेरे, मेरी)

राजू का घर स्कूल के पास है ।

वह पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है ।

उसकी माताजी अध्यापिका है ।

उसके घर में माता - पिता, बहन हैं ।

राजू का मित्र अनिल है ।

..........................................................................

..........................................................................


..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

# पदसूर्य से पोस्टर तैयार करें



# संयूक्ताक्षर को गोला लागाएँ और लिखें

जैसे --------

१. गुब्बारे - ब्बा

२. न्यायालय -

३. प्रणाम -

४. ग्यारह -

५. पुस्तकालय -

६. पत्थर -

७. अच्छा -

८. पोस्टर -

९. स्कूल -

१०. प्यारा -

# इकाई ४

# गाँव की यादें




- रेलगाड़ी को रंग दें।
- खाली डिब्बों की संख्या अक्षरों में लिखें।

मनु सरकस देखने गया। वहाँ अपने दोस्त सनु से मिला । मनु और सनु के बीच के वार्तालाप की पूर्ति करें।

मनु : हाय सनु, कैसे हो ?

सनु : मैं ठीक हूँ, तुम कैसे हो?

मनु : - - - - - - - - - - - - - - -

सनु : किसके साथ आया ?

मनु : - - - - - - - - - - -  - - -


सनु : सरकस कैसा है ?

मनु : - - - -  - -  - - - - - - - -

## खंड पढे और नीचे दिये वाक्यों के अनुसार उचित प्रश्न लिखे

क्रिसमस की छुट्टी में मनु दादाजी और दादीजी के पास गया। वहाँ हरे - भरे खेत पेड़ - पौधे, कल - कल करती नदियाँ, छोटे - छोटे घर आदि देखा। मनु को गाँव बहुत अच्छा लगा।

**चित्र से उचित वाक्य चुनकर लिखे**




१. मनु दादाजी के पास गया ।

..................................................?

२. खेत हरा - भरा है ।

..................................................?

३. गाँव में हरे - भरे खेत, पेड़ - पौधे, कल - कल करती नदियाँ, छोटे छोटे घर आदि देखा।

..........................................................................................?

४. मनु दादाजी के पास गया ।

.......................................................................................?

# <u>सूचनाएँ पढें और उद्घोषणा तैयार करें</u>

आप सबका स्वागत करते हैं ।

प्यारे गाँववालो

राजकमल सरकस

आएँ, देखें मज़ा ले -

उडिनूर गाँव के मैदान में
२० नवंबर से


आ रहा है

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

## प्रश्न वाचक शब्दों से परिचय पाए,
## चिड़िये को घोसले में पहुँचाइए ।




## प्रश्न वाचक शब्द नीचे लिखे

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

## झूला गीत पढ़े

देखो मेरा झूला देखो
मेरा प्यारा झूला देखो,
कितना सुंदर मेरा झूला,
ऊपर - नीचे चलता झूला
दाएँ - बाएँ चलता झूला
मेरा प्यारा झूला देखो

♦ नीचे दिये शब्द कितनी बार आये है,
अक्षरों में लिखें ।

जैसे ⟶ मेरा - चार


झूला - ____

देखो - ____

चलता - ____

प्यारा - ____

# वाक्यों को क्रमबद्ध करके डायरी की पूर्ति करें




आज खुशी का दिन है ।

तारीख

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

## सार्थक शब्द लिखें

१. ल म क - ____ ____

२. स आ न मा - ____

३. र ऊ प - ____

४. र च क्क - ____

५. मि ई ठा - ____

६. य स म - ____

## कविता पढ़ें

अप्पू आया, अप्पू आया
आलप्पुषा से अड्डूर तक ।
अक्सा आयी , अम्मु आयी
अड़िमाली से आलुवा तक ।
श्यामू आया , श्यामू आया
चेन्नै से कोच्ची तक ।
स्वाति आयी, स्वाति आयी
कोल्लम से कोट्टयम तक ।

*से, तक जोड़कर पूरा करें

- अप्पू आलप्पुषा -------- अडूर ----- आया ।
- स्वाति कोल्लम ------- कोट्टयम -----आयी ।
- कविता से संयुक्त वर्ण चुनकर लिखें

जैसे अप्पु - ප්ප

| | | |
|---|---|---|
| प्प | | |
| | | |
| | | |


पेड़ों का नाम क्रम रहित है, क्रमबद्ध करें ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प | पी | ल | | - | पीपल |
| ड़ | ता | | | - | |
| ल | ह | ट | क | - | |
| रि | य | ना | ल | - | |
| म | नी | | | - | |
| ली | म | इ | | - | |

# इकाई ५

# सपना

## पढ़ें लिखें




### सपने की पूर्ति करे

- मेरा सपना है कि डाक्टर बनकर सबकी चिकित्सा करें ।
- मेरा सपना है कि अध्यापक बनकर सबको ज्ञान प्रदान करें ।
- मेरा सपना है कि जवान बनकर देश की रक्षा करें ।
- मेरा सपना है कि पारिचारिका बनकर सब की सेवा करें ।
- मेरा सपना है कि किसान बनकर

  ..........................................................................
- मंत्री बनकर ..........................................................
- इंजिनियर बनकर ....................................................
- शिल्पि बनकर .........................................................

## खंड पढ़े और प्रोफाइल तैयार करें

गाँधीजी हमारे राष्ट्रपिता हैं । २ अक्तूर १८६९ को गुजरात के पोरबंदर में उनका जन्म हुआ । उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी है । लोग उन्हें प्यार से बापू पुकारते हैं ।

### गाँधीजी की प्रोफाइल

राष्ट्रपिता :

पूरा नाम :

जन्मस्थान :

जन्मतिथि :


## वाक्य पढ़ें और सही मिलान करें

राजीव के घर में सब मिल - जुल रहते हैं । घर के सामने हरे - भरे खेत हैं। सामने छोटे - बडे पर्वत है। साफ़ - सुथरी नदियाँ हैं । बगीचे में रंग - बिरंगी तितलियाँ उड़ती हैं।

| क | ख |
|---|---|
| हरा | बिरंगी |
| छोटे | जुल |
| साफ | सामने |
| मिल | बड़े |
| रंग | सुथरी |
| आमने | भरा |


# वर्ण जोड़कर शब्द बनाएँ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आ | ट | अ | क | गा |
| रे | ज | ला | सं | के |
| म | लू | द | मा | रू |
| र | मि | गू | ना | से |
| ह | बैं | र्च | रि | त |
| अं | रा | न | ड़ी | ब |


| फल | | सब्जियाँ | |
|---|---|---|---|
| अंगूर |  | हरिमिर्च |  |
| |  | |  |
| |  | |  |
| |  | |  |
| |  | |  |

# चित्र के नीचे उचित संदेश वाक्य जोड़ो ।


१)



२)




३)



## कविता पढ़े

मैं चाहता हूँ जंगल जाकर
तरह - तरह के पेड़ देखूँ ।
मैं चाहता हूँ गाँव जाकर
तरह - तरह की खेती देखूँ ।
मैं चाहता हूँ सागर जाकर
विशाल लहरों से खेलूँ ।




पदसूर्य की सहायता से कविता लिखें

.....................................................................................................

.....................................................................................................


.....................................................................................................

.....................................................................................................

चित्रकथा पढ़े और क्रम से लिखे











१. लोमड़ी शरम से चल गया ।

२. पेड पर एक कौआ बैठा था ।

३. कौए ने गीत गाया ।

४. कौए की चोंच में रोटी का टुकडा था ।

५. पेड के नीचे एक लोमड़ी था ।

<u>वाक्य पढ़े और तालिका भरे</u>

- ♦ मनोज पैदल चलकर स्कूल जाता है ।
- ♦ मीना बेंच पर बैठकर पढ़ती है ।
- ♦ रामू किताब देखकर लिखता है ।
- ♦ रमा बाहर जाकर देखती है ।
- ♦ बिल्ली को देखकर चूहा दौड़ता है ।

| | |
|---|---|
| चल | चलकर |
| देख | |
| बना | |
| जा | |
| बैठ | |
| सुन | |
| लिख | |
| दौड़ | |
| पी | |
| सो | |

नमूने देखे और 'कि' जोड़कर लिखे

- ♦ पिताजी ने कहा ।
  दूसरों की सेवा करो ।
  पिताजी ने कहा कि दूसरों की सेवा करो ।

- ♦ अध्यापक ने कहा । कल छुट्टी है ।

  .............................................

- ♦ गाँधीजी ने कहा । सदा सत्य बोलो ।

  .............................................

- ♦ राम ने कहा । मेरे साथ आओ ।

  .............................................

- ♦ डाक्टर ने कहा । आराम करो ।

  .............................................

- ♦ माताजी ने कहा । जल्दी आओ ।

  .............................................

## ‘लेकिन’ जोड़कर वाक्य मिलाइए

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | मैं घर गया । | | माताजी नहीं थी । |
| ख. | मैं ने रामू को बुलाया । | | वह नहीं आया । |
| ग. | रमा दौड़ी । | लेकिन | गाड़ी नहीं मिली । |
| घ. | पिताजी आये । | | मिठाई नहीं लाये । |
| ड. | मीना लड्डू लायी । | | मुझे नहीं मिला । |

जैसे

क. मैं घर गया लेकिन माताजी नहीं थी ।

ख. ..............................................

ग. ..............................................

घ. ..............................................

ड. ..............................................

# इकाई छह

# बाँसुरी



बाँसुरी को रंगीन बनाये यह गीत भी पढें

**बाँसुरी**

अच्छी - अच्छी गीत सुनाती,

मीठी - मीठी आवाज़ देती,

प्यारी - प्यारी बाँसुरी,

सुंदर - मेरी बाँसुरी

मेरी जादुई बाँसुरी

मन बहलाती बाँसुरी

नमूने देखे और जोडकर बाकी लिखें

- राम स्कूल जाता है। श्याम स्कूल जाता है।
  राम और श्याम स्कूल जाते हैं।

- रीना गीत गाती है। मीना गीत गाती है।
  रीना और मीना गीत गाती हैं।

- रहिम खेलता है । रोहन खेलता है।

- सोनु चलती है । मीनु चलती है ।

- वरुण हिंदी पढ़ता है । अरुण हिंदी पढ़ता है ।

- माधव नाटक देखता है । गोपाल नाटक देखता है ।

पाँचवीं कक्षा के मनु और साथी ने अध्यापकों के साथ मेट्रो की यात्रा करने की तैयारी की । उस दिन वे सुभाष पार्क भी जाएँगे । पार्क के पीछे सागर है । वे क्या - क्या देखेंगे ? मनु सोचने लगा ।

# <u>सूचनाओं से मनु की सोच लिखें</u>

- झूला
- शहर
- पेड - पौधे , बगीचे
- नाव, जहाज़
- सागर

मेट्रो में मेरी पहली यात्रा,

अध्यापकों और साथियों के साथ ।

कितना मज़ेदार !

.................................................................................................

.................................................................................................

## बताओ मैं कौन हूँ ?

- पहाड़ों से मैं आती हूँ,
  कल - कल करती आती हूँ ।

- कृष्ण के प्रिय सखा हूँ मैं,
  मुझसे मधुर गीत आती ।

- वर्षा से मैं आती हूँ,
  पानी मेरा जीवन है ।

| |
|---|
| बाँसुरी |
| बूँद |
| नदी |

## सही क्रम से लिखे

जैसे ------ ♦ हूँ / बजाता / मैं / बाँसुरी
मैं बाँसुरी बजाता हूँ ।

♦ एक / के / मनु / है /बाँसुरी / पास

♦ बहुत / मनु/ आज / था / खुश

## वार्तालाप पढ़ें

विनु : ओह ! अनु, तु इतने दिन कहाँ था ?

अनु : मैं चिड़ियाघर देखने गया था ।

विनु : हाय ! चिड़ियाघर । कौन - सा ?

अनु : तृश्शूर के । वाह ! कितने जानवर थे, वहाँ ?

विनु : हाँ , मैं भी माता - पिता के साथ जाऊँ ।

अनु : बहुत अच्छा ।

## चिह्न (!) सहित शब्द चुनकर लिखें

| | | |
|---|---|---|
| | | |

## ऐसे वाक्यों को परिचय करें

- राजू स्कूल जाता है ।
  राजू स्कूल जाएगा ।

- राजी स्कूल जाती है ।
  राजी स्कूल जाएगी ।

- मैं घर जाता हूँ ।
  मैं घर जाऊँगा ।

- तुम स्कूल जाते हो ?
  तुम स्कूल जाओगे ?

- नानीजी कहानी सुनाती हैं ।
  नानीजी कहानी सुनाएँगी ।

- रमा पाठ पढ़ती है ।

- राघव नाटक देखता है ।

- पिताजी बाज़ार जाते हैं।

- माताजी रोटी बनाती हैं ।

## डायरी सही क्रम से लिखें

- चार बजे घर लौटा ।
- पहला कालांश गणित था ।
- मैं छह बजे उठा ।
- नौ बजे स्कूल गया ।
- दोपहर खाना खाया ।
- आठ बजे चाय पी ।
- पाठ पढ़ा और खेला ।
- दस बजे सो गया ।

..........................................................................................

..........................................................................................


..........................................................................................

..........................................................................................


<u>इकाई ७</u>

# दोस्ती

## मित्रता



विनु के घर के आँगन में एक बगीचा है । बगीचे में रंग - बिरंगे फूल है । फूलों से मधु पीने के लिए रोज़ तितली आती है ।




एक दिन एक बिल्ली बगीचे में आयी । उसने तितली के रंग - बिरंगे पंख देखा । बिल्ली ने तितली से कहा- ''तुम कितनी सुंदर और प्यारी हो'' । ''तुम भी बहुत सुंदर हो चल, हम खेलें''। तितली ने कहा ।



तितली ने बिल्ली के चारों ओर उड़कर अपना प्यार प्रकट किया । दोनों की मित्रता देखकर रामू को भी खुशी हुई ।


## कविता पढ़ें आस्वादन करे



देखो अच्छा आम है ,
आम देखो आँखों से ,
देखो मीठा आम है ,
आम खाओ दाँतों से,
देखो सुंदर आम है ,
आम सूँघो नाक से,
देखो पक्का आम है ,
आम छुओ उँगली से ।

## चित्र वाचन करे तालिका भरे

| मीठा | आम | मीठाआम |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |



## इशारा गीत

आँख कहें तो देखते रहो,
कान कहे तो सुनते रहो ,
पैर कहे तो चलते रहो ,
हाथ कहे तो लिखते रहो ,
मुँह कहे तो साँस ले लो ,
ये सब मिलकर तन बने ,
मन लगाकर खूब पढ़े ।

## कहानी

चिक्कू नामक एक खरगोश था । एक दिन वह चल रहा था । तब उसने एक बाग देखा । पेड़ पर मीठे फल लटक रहे थे । फल देखकर चिक्कू के मुँह में पानी भर गया । वह बाग एक भालू का था ।

बिना अनुमति के चिक्कू पेड़ पर चढ़ा और फल तोड़ने लगा । वह नीचे उतरा । हाय ! कितने मीठे फल है । वह खाने लगा ।

भालू ने पुछा । ''कौन है वहाँ ? मेरे फल किसने तोड़ा'' ? आवाज़ सुनकर चिक्कू दौड़ा । भालू भी पीछे दौड़ा । चिक्कू एक गड़ढे में पड़ गया । वह ज़ोर से चिल्लाया - बचाओ... बचाओ ।

भालू ने चिक्कू के हाथ पकड़े । उसकी रक्षा की । चिक्कू को अपनी गलती मालूम हुई । उसने कहा - मैं आगे परिश्रम करूँगा । दोनो गले मिले । वे अच्छे दोस्त बन गये ।

- कहानी के लिए एक उचित शीर्षक लिखें ।

- कहानी के कथापात्र कौन - कौन हैं ?

## इन वाक्यों को परिचय करें

- अनिल का भाई सनिल है ।
- अनिल की माताजी अनिता हैं ।
- अनिल के पिताजी सजीव हैं ।
- अनिल की बहन सनिला है ।

(का, के, की, उचित स्थान पर जोड़े )

१. मनु ------------ माताजी सिजी हैं ।

२. मनु ------------ पिताजी अरुण हैं ।

३. मनु ------------ भाई मनोज है ।

४. मनु ------------ बहन मीना है ।

५. मनु ------------ दादाजी माधव हैं ।



## फल गीत

सेब है , केला खजूर
सेब है , केला खजूर ..........
अंगूर अमरुद है,
आम अनार है,
पपीता कटहल है,
नींबू तरबूज़ है,
शरीफ़ा अनन्नास है,
सेब है , केला खजूर ।

## बताएँ मैं कौन ?

१. कटहल में है , पीपल में नहीं,
रेलगाड़ी में है, कार में नहीं,
लाल में है , हरा में नहीं ।

२. आकाश में है, सागर में नहीं,
भालू में है, लोमड़ी में नहीं ।

३. समय में है , संख्या में नहीं,
पेड़ में है , पौधे में नहीं
कलम में है, किताब में नहीं ।

४. पानी में चलता हूँ
ड्राइवर है, पर इंजन नहीं ।

५. बाँस से बना हूँ ,
मीठा गीत सुनाता हूँ ।

## गिनती गीत

एक राजा की बेटी थी,
दो दिन से बीमार पडी
तीन डॉक्टर सुनकर आए,
चार दवा की पुडिया लाए ।
पाँचवाँ दिन इंजक्शन लगाई,
छह : छह : घंटों दवा पिलाई,
सात दिनों में आँखें खोली,
आठ दिनों में हँसकर बोली,
नौ दिन में ताकत आई
दसवें दिन दौड़ लगाई ।

# रेखा खींचे अक्षर से अन्य शब्द लिखें

- पक्षी आकाश में उड़ता है ।

  जैसे पक्षी

- सदा सत्य बोलो ।

  सत्य

- रोज़ समाचार पत्र पढ़ो ।

  पत्र

- तुम्हारा नाम क्या है ?

  तुम्हारा

- पुस्तक पढ़ो, ज्ञानी बनो

  पुस्तक

- कच्चा आम मीठा नहीं ।

  कच्चा

## ये दिन याद रखें

| | |
|---|---|
| १० जनवरी | विश्व हिंदी दिवस |
| २६ जनवरी | गणतंत्र दिवस |
| २२ मार्च | विश्व जल दिवस |
| ५ जून | विश्व पर्यावरण दिवस |
| १९ जुन | वाचन दिवस |
| २१ जुलाई | चाँद्र दिवस |
| १५ अगस्त | स्वतंत्रता दिवस |
| ५ सितंबर | शिक्षक दिवस |
| १४ सितंबर | हिंदी दिवस |
| २ अक्तूबर | गाँधी जयंती |
| १४ नवंबर | बाल दिवस |